भाखड़ा ब्यास प्रबन्ध बोर्ड सचिवालय

सेक्टर19-बी,मध्यमार्ग,चण्डीगढ़-160019

प्रेस सम्मेलन का सार

दिनांक 6.4.2018

बीबीएमबी के वर्ष 2017-18 के प्रदर्शन..

विद्‌युत खण्ड

- बीबीएमबी ने सी.ई.ए द्वारा वर्ष 2017-18 के लिए विद्‌युत उत्पादन के निर्धारित लक्ष्य 9360 एम.यू को निर्धारित अवधि से एक महीने पहले प्राप्त कर 16.25% अधिक अर्थात 10881 एम.यू विद्‌युत उत्पादन किया जोकि निर्धारित लक्ष्य से 1521 एम.यू अधिक है।

- गंगुवाल विद्‌युत गृह यूनिट-2 (24.2 एम.डब्ल्यू) तथा कोटला विद्‌युत गृह यूनिट-3 (24.2 एम.डब्ल्यू) जोकि रनर ब्लेडो के क्षतिग्रस्त होने के कारण क्रमशः दिनांक 16.9.2013 तथा दिनांक 02.08.2013 से बंद थी, को नए संशोधित तथा आधुनिक डिजाईंन के रनरों को लगा कर गंगुवाल विद्‌युत गृह यूनिट-2 तथा कोटला विद्‌युत गृह यूनिट-3 को क्रमशः दिनांक 23.11.2017 व 04.12.2017 को चालू किया।

- देहर विद्‌युत गृह की यूनिट में-6, जो कि स्टार्टर वाईडिंग अर्थ फाल्ट के कारण बंद थी की कमी को दूर कर दिनांक 9.7.2017 को यूनिट को सिस्टम के साथ सिंक्रनाइज़ कर दिया गया।

- भाखड़ा बायां किनारा विद्‌युत गृह का नवीकरण, आधुनिकी करण तथा उन्नयन, उपकरणों की खरीद सहित की अनुमानित लागत लगभग रुपये 489.77 करोड़ की अनुमानित लागत का वहन बीबीएमबी ने किया । भाखडा बायां किनारा विद्‌युत गृह की 3 यूनिट यथा 2, 5 व 4 को 108 एम.डब्ल्यू से उन्नयन कर 126 एम.डब्ल्यू किया गया। रनरो की केविटेशन का काम निपटाया गया। तदानुसार जून, 2016 में यूनिट से 2 के रनरों के संशोधन का कार्य किया गया।

- 175 के.डब्ल्यू सौर विद्युत संयंत्र का उदघाटन श्री वी. पी. सिंह बदनौर, माननीय राज्यपाल, पंजाब तथा प्रशासक, यूटी, चण्डीगढ़, ने बीबीएमबी सचिवालय, सैक्टर-19 और एस.एल.डी.सी. विल्डिंग,औद्योगिक क्षेत्र-1 चण्डीगढ़ की छत पर संसथापित नए 175 के.डब्लयू सौर संयंत्र का उदघाटन कर राष्ट्र को समर्पित किया। यह परियोजना एम.एल.न.आर.ई द्वारा लक्षित तिथि 31 अक्तुबर 2017 से बहुत पहले 18 जुलाई 2017 को पूर्ण कर दी गई।

- बीबीएमबी ने 220 के.वी. सब स्टेशन धूलकोट मे स्थापित 220/66 के.वी.ट्रांसफार्मर तथा 220 के.वी.सब स्टेशन जगाधरी मे स्थापित 60 एम.वी.ए. रेटिंग वाले पावर ट्रांसफार्मर को उच्च क्षमता के 100 एम.वी.ए के 2 नये पावर ट्रांसफार्मर से बदला।

- बीबीएमबी ने 220 के.वी.सब स्टेशन,बरनाला को रिमोट संचालित करने का कार्य लिया जिसका वर्क आर्डर रूपये 1.71 करोड का है तथा यह कार्य सितम्बर, 2018 को पूर्ण हो जाएगा।

- भाखडा मैन लाईन नहर पर 27 छोटे-छोटे 63.75 एम.डब्लयू. क्षमता के हाइड्रो प्रोजैक्टस लगाने का काम नई एवं नवीकरणय उर्जा मंत्रालय,भारत सरकार द्वारा स्वीकृत किया गया।यह प्रस्ताव पिछले दस वर्षो से रूका हुआ था।

- बीबीएमबी भाखडा बांया किनारा विद्युत गृह की सभी मशीनो को SCADA से एस.एल.डी.सी. विल्डिंग, औद्योगिक क्षेत्र -1 चण्डीगढ़ द्वारा जोडने का कार्य।

<u>सिंचाई खण्ड :-</u>

- बीबीएमबी के सभी भागीदार राज्यों को उनकी मांग के अनुरूप पानी दिया है।पौंग बांध की सिंचाई टनल T-1 व T-2 मे T-2 टनल का निम्न स्तर निरीक्षण 20 दिनों मे कर लिया गया है।जोकि वर्ष 2010 से होना शेष था तथा T-1 टनल के निरीक्षण की योजना अप्रैल, 2018 के लिए बनाई गई है।

- बीबीएमबी मे जलवायु परिवर्तन सैल बनाया गया। जिससे जलवायु परिवर्तन से लम्बी अवधि मे वर्षा तथा तापमान मे हो रहे प्रभाव का आंकलन किया जाएगा क्योंकि जलाशयों पर जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को समझाना अति आवश्यक है, अत: आंतरिक प्रबंधको द्वारा जलवायु परिवर्तन सैल का निर्माण किया गया।

- बीबीएमबी की नंगल कार्यशाला का वर्ष 2017-18 का कुल टर्न ओवर रूपये 4,49,32,158/-हुआ जोकि वर्ष 2016-17 से 17.99% अधिक है।

- आई.टी क्षेत्र मे बीबीएमबी ने बहुत महत्वपूर्ण कार्य किए है। भारत सरकार की ई-गर्वनेंस प्लान के अंतर्गत ई-आफिस का भी क्रियांनव्यन किया जा रहा है।इससे कार्य मे पारदर्शिता, बिना कागज का प्रयोग तथा कार्य का स्तर बढा है।

- बीबीएमबी ने कर्मचारियों तथा लोगों को सशक्त करने के लिए"जनशक्ति"एप आरम्भ किया है, इससे कर्मचारी अपना वेतन, जीपीएफ/सीपीएफ, व्यक्तिगत डाटा तथा कार्यालीन, तकनीकी सूचना, उर्जा तथा सिंचाईं जल संबंधी डाटा आदि के विवरण प्राप्त कर सकेगें।

- बीबीएमबी ने पावर सैक्टर की राष्ट्रीय प्रशिक्षण नीति के अनुरूप अपनी स्वंय की प्रशिक्षण नीति आरंभ की है। बीबीएमबी अप्रैल 2003 से अपने कर्मचारियों को प्रशिक्षण दे रही है।जिसमे पावर,हाइड्रो आदि विषयों से संबंधी प्रशिक्षण करवाए जाते है।

- ई-गर्वनेंस के तहत बीबीएमबी ने आम जनता के लिए रेडियो कम्पेन भी शुरू की है। जिसको की बहुत सरहाया गया है।

- बीबीएमबी मे शिकायत निवारण तंत्र स्थापित है।बीबीएमबी के विशेष सचिव, सम्पूर्ण भाखडा ब्यास प्रबंध बोर्ड के निदेशक/शिकायत निवारण पदनामित है तथा प्रत्येक परियोजना स्टेशनों पर अधीक्षण अभियंता के पद के अधिकारी शिकायत निवारण

अधिकारी नियुक्त है। जिसके माध्यम से कर्मचारी सीधे उक्त अधिकारियों से मिल अपनी समस्याओं का समाधान कर सकते है।

- बीबीएमबी अन्य गतिविधियों के साथ साथ खेलकूद के क्षेत्र मे भी अग्रणी है।बीबीएमबी ने क्रिकेट, कबडडी, बालीवाल, ऐथलेटिक्स जैसे खेलों मे कई ट्राफीयां प्राप्त की है।बीबीएमबी ने राष्ट्र स्तर की पावर स्पोर्टस कंट्रोल बोर्ड टुर्नामेंट 2017-18 मे 6 पदक प्राप्त किए है।

- बीबीएमबी ने भारत सरकार के स्वच्छ भारत अभियान मे सक्रिय रूप से भाग लिया है। इसकेअंतर्गत बीबीएमबी, नंगल टाउनशिप को पालीथिन मुक्त बनाने का कदम उठाया है। बीबीएमबी इस मिशन को नुक्कड नाटक, वक्तव्य, कुडेदान उपलब्ध करवा, पौधारोपण, मंदिर, व गुरूद्वारो ,स्कूलों सामुदाय भवनो की सफाई करके जन-जन तक पहुंचा रही है।

- बीबीएमबी ने नंगल मे अधिक से अधिक पौधा-रोपण कर 27 एकड भूमि मे "हरबल गार्डन" तैयार किया है। बीबीएमबी ने परियोजना की कॉलौनियों और हिमाचल प्रदेश, पंजाब तथा हरियाणा मे स्थित बीबीएमबी की भूमि पर पौधा-रोपण किया है।